# आवेदन प्रपत्र

**विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026, जो शंघाई, चीन में आयोजित होना है, के लिये State Skill Competition Consultant (SSCC) हेतु आवेदन प्रपत्र :**

Photo

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता / पति का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. पत्राचार का पता :–
5. स्थायी पताः–
6. मोबाईल न० :–
7. ई–मेल आई०डी० :–
8. पहचान पत्र (पासपोर्ट / पैन कार्ड) :–
9. आवास प्रमाण पत्र संख्या :–
10. शैक्षणिक योग्यता (स्व–प्रमाणित प्रति) :–
11. अन्य योग्यता (यदि कोई हो, स्व–प्रमाणित प्रति) :–
12. राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में सहभागिता :–

| वर्ष | व्यवसाय (Trade) | कौशल, प्रक्षेत्र या तकनीकी विषय में अनुभव (in Yrs) | राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिताओं में एक्सपर्ट (यदि कोई हो) |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

*नोटः संबंधित प्रतियोगिता में एक्सपर्ट / ज्यूरी के रूप में कार्य करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव पत्र (Nomination Letter) की प्रमाणित प्रति संलग्न करें।*

तिथिः–

आवेदक का हस्ताक्षर

*नोटः– आवेदक द्वारा शैक्षणिक / तकनीकी / राष्ट्र एवं विश्व कौशल प्रतियोगिता / आवास प्रमाण पत्रों से संबंधित अभिलेखों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।*

**प्रपत्र–2**

**शपथ पत्र**

मैं, श्री / सुश्री / श्रीमती.............................................................................................................

पिता / पति श्री.................................................................................................................

स्थायी पता.......................................................................................................................

वर्तमान / पत्राचार पता......................................................................................................

मोबाईल नं0.....................................................................................................................

ई–मेल............................................................................................................................

शपथ पूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि

- यदि मेरा चयन **State Skill Competition Consultant** (SSCC) के रुप में होता है तो मैं उक्त हेतु अपनी सेवा देने हेतु इच्छुक हूँ।
- उक्त पद हेतु मैं भविष्य में किसी भी तरह का नियमितिकरण का दावा नहीं करूँगा / करूँगी।
- मेरे द्वारा समर्पित उपरोक्त सभी वांछित सूचनाएँ यथा शैक्षाणिक प्रमाण–पत्र, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कार्यानुभव प्रमाण पत्र आदि सही एवं सत्य है और जाँच के दौरान जाली पाए जाने की स्थिति में भुगतेय राशि की वसूली बिहार एण्ड उड़ीसा पब्लिक डिमांड एक्ट के अधीन की जा सकती है एवं दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

स्थानः–

दिनांकः– शपथकर्ता का पूरा हस्ताक्षर

(जो लागू न हो उसे काट दें।)

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन, नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार पटना।

बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत State Skill Competition Consultant (SSCC) के रूप में मानदेय के आधार पर सेवा देने हेतु अभ्यर्थियों के चयन से संबंधित अधिसूचना।

1. **मानदेय** :– रू0 5,000/– प्रतिदिन (आवश्यकता के आधार पर)
2. **यात्रा भत्ता (TA/DA) :-** मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा पूर्व अनुमोदित वास्तविक व्यय के आधार पर।
3. **वांछित प्रेक्षत्र हेतु आवश्यक विशेषज्ञ :** (1) Web Technologies (2) Mobile Application Development (3) Renewal Energy (4) Mechatronics
4. **वांछित योग्यता :–**
   1. राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में अनुभव : आवेदक किसी मान्यता प्राप्त कौशल, प्रक्षेत्र या तकनीकी विषय में अनुभवी हो तथा राष्ट्रीय स्तर की न्यूनतम दो (02) राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिताओं में एक्सपर्ट (Expert) अथवा ज्यूरी सदस्य (Jury Member) के रूप में कार्य किया हो।
      आवश्यक दस्तावेज : संबंधित प्रतियोगिता में एक्सपर्ट/ज्यूरी के रूप में कार्य करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव पत्र (Nomination Letter) की प्रमाणित प्रति।
   2. औद्योगिक एवं व्यावहारिक अनुभव : आवेदक के पास संबंधित कौशल क्षेत्र में मान्यता प्राप्त शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता होनी चाहिए, साथ ही उसमें न्यूनतम दस (10) वर्षों का औद्योगिक एवं व्यावहारिक अनुभव होना अनिवार्य है।
      आवश्यक दस्तावेज : नियुक्ति पत्र (Appointment Letter) एवं अनुभव प्रमाण पत्र (Experience Certificate) की स्व–प्रमाणित प्रतियाँ।

महत्त्वपूर्ण निर्देश :

- आवेदक को कौशल प्रतियोगिता के नियमों, तकनीकी विनिर्देशों (Technical Descriptions) एवं अन्य आधिकारिक प्रतियोगिता दस्तावेजों की सम्यक जानकारी होनी चाहिए।
- आवेदक को Test Projects and infrastructure facilities के बारे में जानकारी होना चाहिए।

3. **वांछनीयः–** बिहार राज्य के मूल निवासी को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता

4. **अवधि** :– अधिकतम 02 वर्ष

5. **मुख्य उत्तरदायित्व** :

- **जिला, जोनल एवं राज्य स्तर पर स्किल प्रतियोगिता की योजना और आयोजन:–**
    - जिला, संभागीय, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया स्किल्स प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए समग्र कार्य योजना बनाना और लागू करना।
    - विस्तृत टाइमलाइन, चेकलिस्ट एवं बजट का अनुमान तैयार करना।
- **निर्णायक मंडल (जूरी) एवं टेस्ट प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देना:**
    - जूरी सदस्य के रूप में औद्योगिक विशेषज्ञों की पहचान करना और उन्हें जूरी दल में सम्मिलित करना।
    - प्रतियोगिता हेतु टेस्ट प्रोजेक्ट को मानकों के अनुसार विकसित करना, समीक्षा करना एवं अंतिम रूप देना।
- **उद्योगों के साथ भागीदारी**
    - प्रशिक्षण, प्रायोजन, मेंटरिंग एवं संसाधन सहयोग के लिए उद्योग के हितधारकों से भागीदारी को बढ़ावा देना।
    - ज्ञान–साझाकरण सत्र आयोजित करना एवं कौशल उन्नयन की पहलों को प्रोत्साहित करना।
- **परिणाम संकलन एवं दस्तावेजीकरण:**
    - निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से स्कोरिंग, परिणाम संकलन एवं घोषणा सुनिश्चित करना।
    - प्रतियोगिता के बाद विस्तृत रिपोर्ट और दस्तावेज तैयार करना।

6. **संविदा पर नियोजन हेतु पात्रता एवं शर्तें:**

1. **Short listing** की प्रक्रिया में सिर्फ उन आवेदकों के आवेदनों को सम्मिलित किया जायेगा, जो निर्धारित अहर्ता को पूरा करते हैं और जिन्होंने आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाणपत्र को संलग्न किया है।
2. विज्ञापन में निर्धारित योग्यता न्यूनतम रखी गयी है, अतएव इसके आधार पर कोई भी अभ्यर्थी चयन का दावा नहीं करेंगे।
3. चयनित अभ्यर्थी से, आवश्यकता अनुसार, बिहार कौशल विकास मिशन/सक्षम प्राधिकरण द्वारा जिला, प्रमंडल, राज्य, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कौशल प्रतियोगिताओं के दौरान एवं उपरांत तिथिवार आवश्यक सेवाएँ ली

जाएंगी। इसके लिए चयनित कौशल विशेषज्ञ को निर्धारित कार्य एवं समयसीमा की सूचना कम से कम 7 दिवस पूर्व लिखित रूप में प्रदान की जाएगी। कार्य पूर्ण होने के उपरांत, तिथिवार प्रदत्त सेवाओं के अनुरूप मानदेय सीधे विशेषज्ञ के बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाएगा।

4. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेंगे।
5. संविदा पर नियोजित कर्मी स्थायीकरण/नियमित करने का दावा नहीं करेंगे और न ही इसके पात्र होंगे।
6. बिहार कौशल विकास मिशन को बिना किसी कारण बताए चयन प्रक्रिया को कभी भी बदलने, संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
7. समय सीमा के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
8. वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि 31.08.2025 को अपराह्न 05 बजे तक होगी। आवेदन रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट या ईमेल (biharskilldevelopmentmission@gmail.com with subject line: Application for State Skill Competition Consultant) से भेजना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर पद का नाम अंकित करना होगा। आवेदन, विहित प्रपत्र में टंकित हो एवं उसमें नाम, पिता/पति का नाम, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता तथा वांछित योग्यता की छाया प्रति के साथ अद्यतन पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार पटना।